दिन– शुक्रवार दिनांक– 31 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसलों में गरीब, मध्यम वर्ग, युवा महिला और किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। राष्ट्रपति ने केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये कहा कि भारत वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान में खड़े लोगों को सरकार की योजनाओं का अब सीधा लाभ मिल रहा है जो देश के विकास का एक प्रमुख संकेतक है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उनकी सरकार मध्यम वर्ग के योगदान को स्वीकार करते हुये उनके कल्याण के लिए सोच रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि आठवें वेतन आयोग के गठन से सरकारी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी होगी।

---

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीमारामन ने आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें वित्तीय वर्ष–दो हजार पच्चीस में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि देश ने कृषि और सेवा क्षेत्र द्वारा समर्थित स्थिर आर्थिक विकास प्रदर्शित किया है। इसमें उल्लेख किया गया है कि रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन और अनुकूल कृषि परिस्थितियों के कारण ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है। सर्वेक्षण में बताया गया है कि कमजोर वैश्विक मांग और घरेलू मौसमी परिस्थितियों के कारण विनिर्माण क्षेत्र को दबाव का सामना करना पड़ा। निजी खपत स्थिर रही, जो स्थिर घरेलू मांग को दर्शाती है। सर्वेक्षण में उल्लेख किया गया है कि राजकोषीय अनुशासन

और सेवा व्यापार अधिशेष और स्वस्थ प्रेषण वृद्धि द्वारा समर्थित मजबूत बाहरी संतुलन ने व्यापक आर्थिक स्थिरता में योगदान दिया। सर्वेक्षण में बताया गया है कि दो हजार ग्यारह–बारह के स्थिर मूल्यों पर देश की जीडीपी पहली तिमाही में छह दशमलव सात प्रतिशत और वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस में पांच दशमलव चार प्रतिशत बढ़ी। इसका मतलब है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह प्रतिशत होगी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट सत्र से पूर्व अपने संबोधन में उम्मीद जताई कि यह बजट सभी देशवासियों के लिए कल्याणकारी होगा। श्री मोदी ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल का यह पहला पूर्ण बजट है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में यह बजट देश को नई ऊर्जा देगा। श्री मोदी ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि भारत ने एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में पचहत्तर वर्ष पूरे कर लिए हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

———————————————————————————

बोधगया के कालचक्र मैदान में आज से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव की शुरूआत हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का आज शाम केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। महोत्सव में जापान, थाईलैंड, बांगलादेश, वियतनाम, तिब्बत, कम्बोडिया, कोरिया और म्यांमार समेत कई अन्य देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश–विदेश के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तृतियां देंगे। इसके अलावा फिल्म महोत्सव, कला महोत्सव और फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————————

प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी आयी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं, विभाग ने सुबह के समय हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में घने कोहरे की स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान जताया

गया है। इधर, आज सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका और पूसा राज्य के सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

पटना के दानापुर स्थित एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने पचास लाख मूल्य के जेवरात लूट लिए। पुलिस ने बताया कि छह की संख्या में आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छापेमारी की जा रही है।

---

समाप्त